मध्यप्रदेश विधान सभा

जनवरी-अप्रैल, 2001 सत्र

दैनिक कार्य सूची

मंगलवार, दिनांक 27 फरवरी, 2001 (फाल्गुन 8, 1922)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

श्री घनश्याम पाटीदार, राज्यमंत्री सामान्य प्रशासन, जांच आयोग अधिनियम, 1952 की धारा 3 (4) की अपेक्षानुसार महाकाल मंदिर दुर्घटना जांच आयोग का प्रतिवेदन दिनांक 31 दिसम्बर, 1999 द्वारा श्री आर. के. वर्मा, सेवा निवृत्त न्यायमूर्ति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय (शासन के संकल्प सहित) पटल पर रखेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) डॉ. ढालसिंह बिसेन, श्री लक्ष्मीकांत शर्मा, श्री कंकर मुंजारे, सदस्य, सिवनी एवं बालाघाट जिले में धान की खरीदी बंद किये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर राज्यमंत्री खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) सर्वश्री नरेन्द्र सिंह तोमर, नरेन्द्र बिरथरे, लालसिंह, सदस्य, ग्वालियर स्थित जे.सी.मिल के अधिकांश श्रमिक व्यवसायजन्य बीमारियों से ग्रसित होने की ओर श्रम मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. अनुपस्थिति की अनुज्ञा

निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 300-धार से निर्वाचित सदस्य, श्री करन सिंह पवार को विधान सभा के जनवरी-अप्रैल, 2001 सत्र में 15 दिनों तक सभा की बैठकों से अनुपस्थित रहने की अनुज्ञा.

5. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) डॉ. आई.एम.पी. वर्मा, सदस्य, सतना जिले के ग्राम कैथहा की फसलों की सिंचाई व्यवस्था कराये जाने;

(2) श्री बृजेन्द्र सिंह राठौर, सदस्य, टीकमगढ़ जिले के -

(क) टीकमगढ़ - ओरछा मार्ग के जामुनी नदी पर पुल बनाये जाने;
(ख) नैगुवां - बिछिया परियोजना की स्वीकृति दिलाये जाने; तथा
(ग) तरीचरकला नगर में नायब तहसीलदार कार्यालय खोले जाने,

के संबंध में याचिकायें प्रस्तुत करेंगे.

6. वर्ष 2001-2002 के अनुदानों की मांगों पर मतदान

निर्धारित समय			
1 घन्टा	(1)	मांग संख्या - 34	समाज कल्याण
		मांग संख्या - 55	महिला एवं बाल कल्याण से संबंधित व्यय.
1 घन्टा 30 मि.	(2)	मांग संख्या - 23	जल संसाधन विभाग
		मांग संख्या - 45	लघु सिंचाई-निर्माण कार्य
		मांग संख्या - 48	नर्मदा घाटी विकास
		मांग संख्या - 57	जल संसाधन विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनायें
		मांग संख्या - 75	जल संसाधन विभाग से संबंधित नाबार्ड से सहायता प्राप्त परियोजनायें.
1 घन्टा	(3)	मांग संख्या - 33	आदिम जाति कल्याण
		मांग संख्या - 41	आदिवासी क्षेत्र उपयोजना.
1 घन्टा	(4)	मांग संख्या - 6	वित्त विभाग से संबंधित व्यय
		मांग संख्या - 7	वाणिज्यिक कर विभाग से संबंधित व्यय
		मांग संख्या - 74	वित्त विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनायें
		मांग संख्या - 89	ग्यारहवें वित्त आयोग की अनुशंसा के अन्तर्गत प्रशासन के स्तरों का उन्नयन-वित्त विभाग.
1 घन्टा	(5)	मांग संख्या - 13	कृषि
		मांग संख्या - 40	आयाकट विभाग से संबंधित व्यय
		मांग संख्या - 52	कृषि विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनायें.
		मांग संख्या - 54	कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा से संबंधित व्यय.

के.पी. तिवारी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 26 फरवरी, 2001